ऑनलाइन बीज विक्रय

देश का दूसरा राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र बना तबीजी अजमेर, अब योनो एप से कर सकेंगे

किसान अब ऑनलाइन खरीद सकेंगे बीजीय मसाला फसलों के बीज

राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र ने ऑनलाइन बीज विक्रय के क्षेत्र में अभिनव पहल शुरू की है। अब अन्य राज्यों में बैठा किसान अपने घर एवं खेत से ही ऑनलाइन बीज खरीद सकेगा। वे देश के किसी भी हिस्से से बीजीय मसाला फसलों के बीज योनो एप्प के माध्यम से खरीद सकेंगे।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अजमेर. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के बाद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र देश का दूसरा ऐसा संस्थान है जिसके बीज पोर्टल का एकीकरण भारतीय स्टेट बैंक के योनो कृषि एप के साथ हो गया है। दोनों एप के एकीकरण से देश के लाखों बीजीय मसाला किसानों को बीज खरीदी में डिजीटल सहायता मिलेगी।

देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाले किसान बीजीय मसाला फसलों की खेती करना चाहते हैं उन्हें बीजीय मसालों की उन्नत प्रजातियों के बीज घर बैठे ही स्टेट बैंक योनो कृषि एप के माध्यम से उपलब्ध हो सकेंगे। भाकृअनुप.राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र उन चुने हुए संस्थानों में शामिल हो गया है जिन संस्थानों के पास ऑनलाइन बीज व उत्पाद बिक्री सुविधा योनो कृषि एप के माध्यम से उपलब्ध है।

राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी अजमेर में ऑनलाइन बीज खरीद का वर्चुअल शुभारंभ करते अतिथि।

अब डिजिटल माध्यम से जुड़ेंगे किसान

: देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसान भी डिजिटल माध्यम से बीज खरीद कर बीजीय मसालों फसलों की खेती कर सकेंगे। राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र के 22 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बागवानी विज्ञान उपमहानिदेशक डॉ. आंनद कुमार सिंह ने इस सुविधा का शुभारंभ किया। एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक संदीप उबाले, राजेश कुमार मिश्र भी कार्यक्रम से जुड़े। संस्थान निदेशक डॉ. एस.एन. सक्सेना ने आभार जताया।

दैनिक भास्कर अजमेर 20-01-2022

भास्कर खास • राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र एसबीआई योनो एप से जुड़ा

नवाचार : अब किसान योनो एप से खरीद सकेंगे बीजीय मसाला फसलों के बीज

सिटी रिपोर्टर | अजमेर

बीजीय मसाला उत्पादन के लिए किसान देश के किसी भी हिस्से से बीजीय मसाला फसलों के बीज योनो एप के माध्यम से खरीद सकेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के बाद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्-राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र देश का दूसरा ऐसा संस्थान है, जिसके बीज पोर्टल का एकीकरण भारतीय स्टेट बैंक के योनो कृषि एप के साथ हो गया है। दोनों एप के एकीकरण से देश के लाखों बीजीय

मसाला किसानों को बीज खरीदी में डिजिटल सहायता मिलेगी। भाकृअनुप-राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र उन चुने हुए संस्थानों में शामिल हो गया है, जिनके पास ऑनलाइन बीज व उत्पाद बिक्री सुविधा योनो कृषि एप के माध्यम से उपलब्ध है।

22वां स्थापना दिवस मनाया

बुधवार को राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र के 22 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक बागवानी विज्ञान डॉ. आनंद कुमार सिंह ने इस सुविधा का शुभारंभ किया। वर्चुअल मोड पर संदीप उबाले, मुख्य महाप्रबंधक (डिजिटल परिवर्तन और ई-कॉमर्स) एसबीआई, राजेश कुमार मिश्र, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर क्षेत्र भी आभासी रूप से कार्यक्रम से जुड़े। संस्थान के निदेशक डॉ एसएन सक्सेना भी मौजूद रहे।